हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 13 मई 2025

शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ ने पूरे विश्व ... 11



20 की हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति 12



# तिगड़ाना में तेल पाइप लाइन के लिए रखे पाइपों में लगी आग

## जींद-भिवानी मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लगी कतारें, आधे घंटे रुके वाहनों के पहिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार दोपहर बाद अचानक जींद-भिवानी मार्ग पर डाली जा रही तेल पाइप लाइन के पाइपों में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि किसी अनहोनी से बचने के लिए जींद-भिवानी मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लाइनें लग गई। करीब आधे घंटे तक रोड पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। बाद में अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा। उसके बाद ही आग की लपटें शांत हुई।

जानकारी के अनुसार जींद-भिवानी मार्ग के पास गांव तिगड़ाना के पास से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। अचानक तेल के पाइप में आग लग गई। कम्पनी के कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया,लेकिन आग बुझने की बजाए लपटें तेज हो गई। तेज आग की लपटें होती ही मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। इस दौरान किसी व्यक्ति ने फायर ब्रिग्रेड को सूचना दी। सूचना के बाद अग्निशमन का दस्ता मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग से कम्पनी को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।



### खेतों में फूंके जा रहे अवशेष

तमाम जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी किसान खेतों में बचे गेहूं के अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। किसान खेतों में बचे अवशेष को दिन व रात के अंधेरे उजाले में आग के हवाले कर रहे है। गेहूं के अवशेषों को आग लगाने के बाद खेतों में खड़ी हरियाली भी झुलस रहे है। आग लगने हरियाली तो जल ही रही है,लेकिन पर्यावरण भी पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। खेतों की मेढ पर हरे पेड़ अधिकतर झुलस गए है। अगर एक बार हरा पेड़ झुलस गया तो वह दोबारा हरा नहीं हो पाता। धीरे धीरे करके हरा पौधा पूरी तरह से खतम हो जाएगा। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में हरियाली पूरी तरह से खतम हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हर मंगलवार को होगी समस्याओं पर सुनवाई

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भिवानी के अंतर्गत आने वाले जिला भिवानी व दादरी के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण हेतु प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक समस्याएं सुनी जाएंगे। विजेन्द्र सिंह अधीक्षण अभियन्ता द्वारा 13 मई मंगलवार को ऑपरेशन सर्कल कार्यालय, बीटीएम रोड भिवानी के कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएगी व उनको मौके पर निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएगें।

### मरीजों की सहायता को रक्तदान शिविर 15 को

**भिवानी।** कैंसर मरीजों की सहायता के उद्देश्य से श्रीशिव धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा 15 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रीशिव धर्मार्थ ट्रस्ट के प्रधान दीपक गोयल ने बताया कि शिविर का आयोजन 15 मई को प्रातः साढ़े 9 बजे से 2 बजे पतराम गेट स्थित गुमानी लुहार की गली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में एआईआईएमएस बाढ़सा (झज्जर) की ब्लड बैंक की टीम रक्त एकत्रित करने पहुंचेंगी। प्रधान गोयल ने कहा कि मानव सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका स्वैच्छिक रक्तदान है, क्योंकि रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहयोग कर सकते है।

### दीवार गिरने से हादसा महिला गंभीर घायल

**भिवानी।** हनुमान ढाणी, बैकुंठ धाम के सामने अचानक एक पुरानी दीवार ढह गई, जिसकी चपेट में आने से 23 वर्षीय महिला और पशु जख्मी हो गए। जिस वक्त दिवार गिरी। उस वक्त महिला अपने घर के पास मवेशियों के शेड में कुछ कार्य कर रही थी। दीवार गिरने से जोरदार धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों और सविता की सास दर्शना देवी ने बताया दीवार गिरने से उनके मकान का एक कमरा और मवेशी शेड की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 23 वर्षीय एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे गंभीर चोटें आईं।

### सभी परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू की

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने महर्षि दयानंद विवि रोहतक की परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 को लागू किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि एमडीयू की मई 2025 की परीक्षाएं 20 जून 2025 तक आयोजित की जानी निश्चित है। जिलाधीश महावीर कौशिक ने सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में लाठी, डंडा, जेली और किसी भी प्रकार के घातक हथियार लेकर जाना वर्जित किया है।

# दुष्कर्मियों को 20-20 साल कैद की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- दोनों पर छह लाख रुपये का लगाया जुर्माना लगाया

नाबालिग लड़की के साथ घर में दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी के मामले में दो आरोपियों को अजय पराशर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को भिवानी की कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए ( 06 पोस्को एक्ट के तहत 20 साल कैद की सजा 3,00,000 जुर्माना व धारा 506 भारतीय दंड संहिता के तहत 03 वर्ष कैद की सजा की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर 03 - 03 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में महिला थाना भिवानी ने वर्ष 2022 में अभियोग पंजीबद्ध किया था। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में महिला थाना भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें नाबालिक लड़की ने आरोपियों के द्वारा नाबालिग घर में उससे दुष्कर्म करके जान से मारने की धमकी देने के मामले में दी शिकायत पर अभियोग दर्ज किया गया था। महिला थाना भिवानी अभियोग अंकित किया तथा नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। जो न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए आरोपी पवन निवासी पोकरवास जूई कला जिला भिवानी को 06 पोस्को एक्ट में 20 वर्ष कारावास व 3,00,000 रुपये का जुर्माना वहीं धारा 506 भारतीय दंड संहिता में 3 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। आरोपी अजीत निवासी पोकरवास जूई कला जिला भिवानी को 06 पोस्को एक्ट में 20 वर्ष कारावास व 3,00,000 रुपए का जुर्माना और 03 वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

### युवा भाजपा नेता के दो दिवसीय दौरे 16 से

**भिवानी।** केंद्र की मोदी व प्रदेश की सैनी सरकार आमजन के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित कर आमजन का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत्त है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि नागरिक जानकारी के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते है, ऐसे में सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से समाधान के लिए भाजपा नेताओं द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी द्वारा लोहारू विधानसभा क्षेत्र के बहल ब्लॉक में 16 मई से दो दिवसीय जनसपंर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत वे विभिन्न गांवों का दौरा कर सरकार की नीतियों से अवगत करवाने के अलावा उनकी समस्याएं भी सुनेंगे।



**भिवानी।** राष्ट्र शांति के लिए पंचधुणी तपस्या शुरु करते पंडित रामबिलाश।

# राष्ट्र शांति के लिए पंडित रामबिलास ने शुरू की 41 दिवसीय पंचधूणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- यह तपस्या 21 जून तक चलेगी
- तपस्या से राष्ट्र में उर्जा का संचार, समाज में धर्म ,करुणा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा मिलता है

राष्ट्र की शांति, अमन चैन और वैर भावना को समाप्त करने को लेकर पंडित रामबिलास शर्मा कांटीवाले ने 41 दिवसीय पंच धूणी तपस्या शुरू की हैं। यह तपस्या 12 मई से शुरू होकर 21 जून तक चलेगी। इस बारे पंडित रामबिलास शर्मा ने कहा ऐसी तपस्या से न केवल आध्यात्मिक विकास होता है, बल्कि राष्ट्र में उर्जा का संचार, समाज में धर्म ,करुणा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा मिलता है ।

उन्होंने बताया कि तपस्या की प्रेरणा उन्हें ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 बाबा सेवापुरी महाराज से मिली थी और अब ये पंचधुणी तपस्या जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ जी महाराज व अखंड भारत माता मंदिर के संस्थापक कोल तंत्राचार्य माई महाराज के सानिध्य में की जा रही है। तपस्या के पहले दिन मुख्य रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, बाबा सेवापुरी डेरा के सुरेश पुरी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कथा व्यास पंडित प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि जहां प्रतिदिन हवन, जप और धार्मिक अनुष्ठान होते हैं वहां के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# मंत्री श्रुति चौधरी आज और कल लोगों की समस्याएं सुनेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- गांव खारियाबास में फिरनी की नींव व इंदीवाली और धारणबास में ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन कर सुनेंगी ग्रामीणों की समस्याएं



प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी 13 व 14 मई को जिला के विभिन्न गांवों में दौरा कर जन समस्याएं सुनेंगी। इस दौरान मंत्री श्रुति चौधरी जिला के गांव इंदीवाली व धारणबास में दौरा कार्यक्रम के दौरान 13 मई को ई-लाईब्रेरी का उद्घाटन भी करेंगी। इसके अलावा विभिन्न गांवों में अन्य विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगी। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी 13 मई को 11.30 बजे खारियाबास चौक पर पहुंचेगी और गांव की फिरनी का नीव पत्थर रखकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। इसके बाद मंत्री 12 बजे गांव धारणबास में ई-लाईब्रेरी का उद्घाटन कर लोगों की समस्याएं सुनेगी। इसके बाद श्रुति चौधरी 12:30 बजे गांव देवराला, एक बजे गामडी देवराला व दो बजे खापडबास में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। इसके बाद चौधरी 2.30 बजे इंदीवाली में ई-लाईब्रेरी का उद्घाटन कर गांववासियों की समस्याएं सुनेगी। इसके अलावा मंत्री तीन बजे लाडियावाली, 3.30 बजे बिजलानाबास व चार बजे डाबढ़ाणी में जनसमस्याएं सुनेगी। कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्रुति चौधरी 14 मई को 10 बजे गांव बागनवाला में, 10.30 बजे डाडम में, 11 बजे सरल में, 11.30 बजे गांव छपार रागड़ान में गांव की फिरनी का उदघाटन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। इसी प्रकार से 12 बजे छपार बास में, 12.30 बजे छपार जोगियान में, एक बजे ढ़ाणी सरल में, दो बजे खरकड़ी माखवान में, 2.30 बजे लक्ष्मणपुरा में व तीन बजे झांवरी में जनसमस्याएं सुनेगी।

# व्यापारी से दो करोड़ की रंगदारी मांगने का दूसरा आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी शहर निवासी प्रवीन गर्ग से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के पिलानी निवासी हर्ष कुमार के रुप में हुई है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी दादरी निवासी विकास मिश्रा को रविवार को गिरफ्तार कर लिया था। ज्ञात रहे कि शहर निवासी प्रवीन गर्ग से कॉल कर दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। उसके पास अलग अलग नंबरों से कई बार कॉल आए थे। आरोपी ने प्रवीन गर्ग के व्हाट्सएप पर पिस्तौल लहराते हुए एक वीडियो डाली और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने दादरी के झज्झर घाटी निवासी अमित मिश्रा को गिरफ्तार किया। प्रवीन गर्ग के पास अमित मिश्रा के मोबाइल से पिस्तौल की वीडियो डाली गई थी। जिसको रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। सोमवार को पुलिस ने रंगदारी मांगने के दूसरे आरोपी राजस्थान के पिलानी निवासी हर्ष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विकास मिश्रा और हर्ष कुमार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में रंगदारी मांगने का दूसरा आरोपी।

# पुलिस ने फोन चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना शहर पुलिस भिवानी ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन व रुपए चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेश निवासी हनुमान गेट ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आठ मई की रात को न्यू हाउसिंग बोर्ड भिवानी की पार्किंग में बैठा हुआ था जहां पर कपिल उर्फ गप्पा आया था जिसने फोन करने के लिए शिकायतकर्ता का फोन मांगा था इसके बाद आरोपी कपिल शिकायतकर्ता को ऑटो में बिठाकर ढाणा रोड पर ले गया जहां पहुंचने के बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता की जेब से 7,100 रुपए व मोबाइल फोन चोरी करके ले गया था। पुलिस चौकी जैन चौक भिवानी के उप निरीक्षक धर्मबीर ने मोबाइल फोन व रुपए चोरी करने के मामले में एक आरोपी को ढाणा रोड भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान कपिल उर्फ गप्पा पुत्र रणबीर निवासी ढाणा रोड दादरी गेट भिवानी के रूप में हुई है।

## 20 करोड़ रुपये में पूरी होंगी 90 योजनाएं, विधायक कपूर वाल्मीकि की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

# नगरपालिका की मीटिंग में खींचा विकास कार्यों का खाका

- कस्बे में आने वाला हर शख्स होगा सीसीटीवी की जद में
- बैठक में नगरपालिका के सभी पार्षदों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

सोमवार को बवानीखेड़ा नपा में विधायक कपूर वाल्मीकि, चेयमरैन सुंदर अत्री की अगुवाई में हुई पार्षदों की बैठक में कस्बे के विकास का खाका खींचा। पार्षद के सुझाव के बाद कस्बे में करीब 20 करोड़ रुपये की 90 योजनाओं पर कार्य करवाए जाने पर सहमति बनी। कस्बे के हर चौक व चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से लेकर सभी दुकानों पर गीला व सूखा कचरा डस्टबीन रखवाए जाने पर सहमति हुई। करीब एक घंटे तक पार्षदों से कस्बे के विकास कार्यो पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने पार्षदों को बैठक में जिस एजेंडे पर चर्चा हुई है। उन सभी को जल्द से जल्द पूरा करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

सुबह 11 बजे नगरपालिका कार्यालय में बवानी खेड़ा नगर पालिका कार्यालय में नवनियुक्त नपा प्रधान सुंदर अत्री एवं हलका विधायक कपूर वाल्मीकि की अध्यक्षता में पहली बार हाउस की मीटिंग हुई। बैठक में सचिव सुनील शर्मा, एमई श्रीभगवान शर्मा, जेई सुरेश कुमार, संदीप कुमार सहित नपा पार्षगणों एवं प्रतिनिधियों में किरण, दीपक सैनी, अशोक कुमार, रीनू, रिंकू, कविता, राजबाला, बिमला, सुमित्रा देवी, मनीषा, बलराम, पुष्पा, सुभाष चंद, रेनू देवी, कमलेश, बसंती देवी, प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



**बवानीखेड़ा।** नगरपालिका में आयोजित मीटिंग में उपस्थित विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व चेयरमैन सुंदर अत्री। फोटो : हरिभूमि

### 90 कार्यों पर सहमति

मीटिंग में 90 एजेंडों पर लगभग 20 करोड़ के विकास कार्यों पर सहमति बनी। जिसमें ई-रिक्शा, शहर का सौंदर्यकरण, शहीद गुलाब सिंह पार्क का सौंदर्यकरण, मुख्य चौराहों का निर्माण, सभी तालाबों का सौंदर्यकरण, नपा नए भवन का निर्माण, शहर में नई दुकानों का निर्माण, सफाई व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था, जोहड़ों का सौंदर्यकरण, नई मार्किट में दुकानों की व्यवस्था, फायरबिग्रेड व हैडग्वार सभागार की ऑपनिंग, गलियों, नालियों, पुलिया, स्ट्रीट लाईटों, सरदार वल्लभ भाईपटेल भवन का निर्माण, सभी वार्डों चाराहों पर सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश स्थानों पर स्वागत द्वारा, भगवान वाल्मीकि मंदिर, चौपालों का निर्माण, रामबागों का नवीनीकरण, पुराने बस स्टैंड के सामने सामूहिक सत्संग भवन रामकुंज का निर्माण, हनुमान ढ़ाणी से भुरटाना तक का रास्ता, विश्रामगृह निर्माण, बेसहारा पशुओं के लिए प्रबंध, बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था, सर्वाजनिक स्थानों पर पेंटिंग एवं स्लोगन अंकित करवाने, बाजार एवं 300 दुकानों के लिए सुखा एवं गीला डस्टबिन खरीदने बारे आदि पर चर्चा की गई और 90 एजेंडों पर लगभग 20 करोड़ के विकास कार्यों पर मोहर लगी।

**विकास को लेकर कसर नहीं छोड़ेंगे :** विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि शहर की जनता ने उन्हें चुना है और वे शहर के विकास को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ेगें। वे यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ है सभी कमियों को दुरूस्त करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कभी यहां की जनता ने उन्हें चुनकर नपा चेयरमैन बताया और अब विधायक बना दिया। वहीं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि सभी पार्षदों से उनके वार्ड के मांगपत्र लिए गए हैं स्टेपवाइज सभी कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके पास पुराना अनुभव है जो काम आएगा और पार्षदों के सहयोग व जनता के मार्गदर्शन से शहर को चमकाने का काम करेंगे और जो जनता ने उन पर विश्वास किया है वे उसे कभी नहीं तोडेंगे।

# हरिभूमि सहेली



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

परिवार से दूर रहकर सुखी जीवन की चाहत रखना एक बहुत बड़ी भूल है। परिवार वो छाया है, जो संकट की तपती धूप में हमें शीतलता देता है, हमारा संबल बनता है। इसलिए जरूरी है हम हमेशा पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखें। परिवार के लोग प्रेम-स्नेह से बंधे रहें।

# परिवार का प्रेम-स्नेह जीवन का है आधार

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

परिवार को जीवन की पहली पाठशाला कहा जाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही यह मान्यता हर इंसान को मानवीय मूल्यों से जोड़कर रखती है। विचार-व्यवहार के मोर्चे पर जीवन को साधने का पाठ पढ़ाती है। अपनों के साथ संबल का ठिकाना कहे जाने वाले परिवार में ही तो एक छत के नीचे रहकर सुख-दुख साझा किया जाता है। हर उतार-चढ़ाव में जिंदगी से जुड़े रहने की हिम्मत बनी रहती है। परिवार, समाज की सबसे छोटी इकाई है जरूर, लेकिन समाज की बुनियाद को मजबूती देने में इस इकाई के मायने बहुत अहम हैं। समाज को बनाने और बनाए रखने में परिवार की अहमियत हमेशा से रही है, लेकिन अब परिवार के मूल स्वरूप में बिखराव साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि हर साल घर-आंगन से जुड़े बहुत से विषयों पर विमर्श के लिए अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार दिवस को पारिवारिक ताना-बाना सहेजने की कोशिश के रूप में देखा जाता है।

## मानवीय समझ को पोषण

पारिवारिक खुशहाली का समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण रोल होता है। दुनिया के हर हिस्से में परिवार ही समाज के भावी नागरिक को इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। बुजुर्गों को स्नेह-सुरक्षा का साया मिलता है। युवा परिवार में सही मार्गदर्शन पाते हैं। रिश्तों के ताने-बाने का यह बंधन हर उम्र के लोगों को कुछ न कुछ देता ही है। यों भी जिंदगी का हर सबक अपने परिवार में ही सीखा जाता है। अपने आंगन में मिली सीख से ही आगे चलकर नई पीढ़ी का व्यक्तित्व पूर्णता पाता है। परिवार ही बड़ों की संभाल और देखभाल का आधार बनता है। हमारे फैमिली सिस्टम में मौजूद यह आपसी जुड़ाव, जो मजबूत पृष्ठभूमि बनाता है, वह हर परिस्थिति में मन-जीवन को थामती है। पारिवारिक व्यवस्था सही मायने में हमारे जीवन का आधार स्तंभ है। परिवार में साथ-साथ रहना, सुख-दुख साझा करने की सोच, अपनेपन के भाव हमें आपस में दिल से जोड़े रखते हैं। हर तरह से एक-दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग भरा भाव ही पारिवारिक संबंधों का संबल है। परिवार में खुशियों और जिम्मेदारियों का एक अनोखा मेल होता है, जो सभी को आपस में बांधे रहता है। यही बंधन हमें अच्छे-बुरे वक्त में थामने का काम करते हैं। बड़ों को मान और बच्चों को मनुहार परिवार में ही मिल सकती है। हमारे यहां हर तबके के परिवारों में यही स्नेहपूरित सोच रही है। जीवन को साधने-समझने वाले हर मानवीय भाव-चाव को परिवार ही पोसता आया है।





## बिखरता ताना-बाना सहेजने के प्रयास

हालिया वर्षों में टूटते-बिखरते परिवारों का बढ़ता आंकड़ा चिंता का विषय बन गया है। दुनिया के हर समाज में परिवार के महत्व को रेखांकित किए जाने के बावजूद पारिवारिक ढांचा बिखर रहा है। कहीं बच्चे अकेले छूट रहे हैं तो कहीं बुजुर्ग स्नेह-साथ को तरस रहे हैं। बहुत से युवा शादी कर परिवार बसाना ही नहीं चाहते तो कई कपल्स शादी के बाद अपने रिश्ते को बिखरने से नहीं बचा पा रहे हैं। दुनिया भर में पारिवारिक सुदृढ़ता के लिए सराहे जाने वाले हमारे देश में भी अब तलाक के मामले बढ़े हैं। अपनों के साथ ही बर्बरता करने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। बदलती लाइफस्टाइल के चलते परिवार छोटे होते जा रहे हैं। जीवन की आपा-धापी में इतना कुछ नया जुड़ रहा है कि परिवार और अपने ही पीछे छूट रहे हैं। पारिवारिक कलह के चलते लोग अपनों की जान लेने से भी नहीं चूक रहे। भावनाओं भरे जुड़ाव पर स्वार्थी सोच हावी हो रही है। वर्चुअल दुनिया में अंजान चेहरों से जुड़ने के इस दौर में अपनों की उपेक्षा की संस्कृति पनप रही है। यही वजह है कि पारिवारिक मूल्यों को सहेजने के लिए कोशिशें जरूरी हैं। बदलते हालातों से जुड़ी सजगता लाने, परिवार के प्रति लोगों में लगाव को बढ़ाने और इस संस्था की अहमियत बताने के लिए ही इंटरनेशनल फैमिली-डे मनाया जाता है। हर साल यह दिन एक खास थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। वर्ष 2025 की थीम 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां-सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' रखी गई है। जिसका उद्देश्य समाज के डेवलपमेंट के लिए परिवार की बेहतरी से जुड़ी पॉलिसीज पर फोकस करना है। साथ ही यह विषय फैमिली सिस्टम से जुड़ी मौजूदा नीतियों और मुद्दों के एनालिसिस और रिव्यू से भी जुड़ा है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा पॉलिसीज को समझकर ही भविष्य में पारिवारिक मूल्यों को बेहतर बनाने की राह तलाशी जा सकती है।

## अपनों का प्रेम-साथ-स्नेह अनमोल

असल में व्यवस्थागत प्रयासों के साथ हमें भी परिवार से जुड़ाव के अर्थ को समझना होगा। सब कुछ बनाने-जुटाने के फेर में गांवों से लेकर मेट्रो सिटीज तक लोग यह भूल रहे हैं कि परिवारजनों के बीच साझे सुख-दुःख की भावना ही रीत रही है। आज भावनात्मक दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे में हमें याद रखना होगा कि परिवार के सभी सदस्यों को भावनाओं की डोर से बंधे रहना चाहिए। अपनों का साथ हर किसी के मन को छोटी से छोटी खुशी में भी अनमोल सुख देता है। रिश्तों का यह ताना-बाना स्नेह बांटना भी सिखाता है और खुशियों को जीना भी। फाइनेंशियल परेशानी हो या बीमारी, अपने ही तो हर कष्ट में साथ खड़े नजर आते हैं। इतना ही नहीं अपनों का साथ पाकर हर तरह के दुःख से जूझने की शक्ति भी मिलती है। कई समस्याएं दिलो-दिमाग को विचलित किए बिना ही हल हो जाती हैं। संबल और सुख का यह परिवेश परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। तीज-त्योहारों की रौनक भी अपनों के साथ से ही होती है। मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां, परिवार के साथ बिना अधूरी-सी लगती हैं। घर-परिवार से मिलने वाला सुख-समर्पण का यह भाव ही हमें समाज और देश से जोड़ता है। समझना मुश्किल नहीं कि स्ट्रेस, डिप्रेशन और अकेलेपन से जूझते लोगों के आंकड़े में इजाफे का एक कारण पारिवारिक टूटन भी है। अपनी जड़ों से जुड़ाव रखना हो या मन-जीवन की जद्दोजहद का सामना करना, परिवार का साथ बहुत मायने रखता है। अपनों के बीच अनमोल साथ स्नेह को कायम रखने वाली कुटुंब व्यवस्था की भूमिका सुरक्षा, सेहत और संभाल हर पहलू पर अहम है।

# दुख बांटने का सुख एक मानवीय अनुभव

सुख-दुख हर किसी के जीवन में आते हैं। लेकिन दुख साझा करने से उसे सहना थोड़ा आसान हो जाता है। इसलिए घर-परिवार में या कोई भी जानने वाला अगर दुख में दिखे तो उसका सहारा बनें, उसका दुख जरूर बांटें।

संवेदना
यशोधरा भटनागर



रहीम का एक दोहा है- रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय/ सुनि अठिलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।। इस दोहे का मतलब है कि अपने मन के दुख को मन में ही रखना चाहिए। दूसरों का दुख सुनकर लोग इठला भले ही लें, लेकिन उसे कम करने वाला कोई नहीं होता। साथ ही, लोग दूसरे का कष्ट सुनकर उसका उपहास भी उड़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि दुख बांटने से कम होता है। सच ही है, दुखों को हल्का करने के लिए, सिर रख कर रोने के लिए एक कंधा मिल जाए तो दुख कम तो नहीं होता पर एक ऐसा एहसास जुड़ जाता है, जो व्यक्ति के लिए संबल बन जाता है और वह दुख का सामना करने की शक्ति पा जाता है।



**जीवन को गतिमान बनाते हैं सुख-दुख:** मनुष्य का जीवन सुख और दुख के द्वंद्व में सदा गतिमान रहता है। सुख हमें आनंद देता है, परंतु दुख हमारी सहनशीलता, हमारे रिश्तों और हमारे भीतर छुपे मानवीय गुणों की परीक्षा लेता है। दुख एक ऐसा अनुभव है, जिसे यदि अकेले सहा जाए तो वह भारी लगता है, लेकिन यदि इसे किसी के साथ बांटा जाए, तो यह हल्का लगता है, एक अनोखे सुख का भी रूप ले लेता है। यह सुख गहरे मानवीय संबंधों और सहानुभूति के मूल्य को दर्शाता है। इसलिए हमें अपने आस-पास के लोगों का दुख बांटना चाहिए, दुखी व्यक्ति को अकेले नहीं छोड़ देना चाहिए। अस्सी वर्षीया शांति देवी की आंखें उस दिन बार-बार बरस रही थीं। पति का जन्मदिन जो था। भावों का तीव्र प्रवाह हृदय को उद्वेलित कर रहा था। सात बरस हो गए पति के देहांत हुए, लेकिन आज भी वह आस-पास ही महसूस होते हैं। शांति देवी पल भर भी उन्हें भुला नहीं पाई हैं। पहाड़-सा दुख मन पर डटा खड़ा है। दीवारों से घिरी वो अकेली हैं, नितांत अकेली। वे दीवारों से ही बतियाती हैं। दीवारें मौन हैं और दुख का पहाड़ उतना ही बड़ा। यह आज के समाज का विद्रूप-कुरूप चेहरा है।

**कम होता है भावनात्मक बोझ:** दुख एक मानसिक और भावनात्मक बोझ है। इसे बांटने की प्रक्रिया न केवल इस बोझ को हल्का करती है, बल्कि उसमें छुपे तनाव, अकेलेपन और हताशा को भी कम करती है। यह वही प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर के भावों को शब्दों के माध्यम से बाहर निकालता है। एक सच्चे मित्र या हमदर्द के साथ ऐसा करने से व्यक्ति को यह विश्वास होता है कि कोई उसे समझ रहा है, उसकी पीड़ा में शामिल है। यह विश्वास ही उसे मानसिक और भावनात्मक सुकून देता है।

**दुख सुनाने और सुनने वाले बंधते हैं अदृश्य बंधन में:** हर व्यक्ति को जीवन में ऐसे किसी साथी की आवश्यकता होती है, जो उसके दुख को सुन सके, उसे समझ सके। मित्रता और हमदर्दी इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एक सच्चा मित्र न केवल हमारे सुख के पलों का सहभागी होता है, बल्कि हमारे दुख के समय एक आश्रय भी बनता है।

**मिलती है आंतरिक संतुष्टि:** जब हम किसी के साथ अपना दुख साझा करते हैं, तो हमें एक आंतरिक संतुष्टि मिलती है। यह संतोष इस बात का प्रतीक है कि हमने अपने भावनात्मक बोझ को हल्का किया है।

# प्रॉपर मेकअप से मिलेगा अट्रैक्टिव लुक



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आकर्षक-खूबसूरत दिखने के लिए आप हर पॉसिबल स्टेप फॉलो करती हैं। अगर किसी पार्टी में जाना हो तो स्टाइलिश ड्रेस चुनती हैं, ताकि सबसे अलग दिखें। लेकिन अच्छी ड्रेस भी आपकी ब्यूटी को तभी उभारता है, जब मैचिंग मेकअप अप्लाई किया जाए। हालांकि मेकअप तो सभी महिलाएं करती हैं लेकिन सही तरीके से किया गया मेकअप ही आपके लुक को निखार सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपको मेकअप करने का सही तरीका पता हो। अगर आप मेकअप करने से पहले यह तय ही नहीं कर पाती हैं कि आपको किस तरह का मेकअप करना है और कैसा मेकअप आप पर अच्छा लगेगा, तो हम आपको सिंपल लेकिन इंप्रेसिव मेकअप स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।



**बेस तैयार करें:** मेकअप बेस तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले प्राइमर लगाना चाहिए। इसके बाद चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और फाउंडेशन का चुनाव हमेशा अपनी स्किन टोन से एक टोन अपर शेड का सेलेक्ट करें। इसके बाद आप फेस पावडर लगाएं। अगर आप गालों को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो पीच ब्लश ऑन का भी इस्तेमाल करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि फाउंडेशन लगाने के बाद गीले स्पंज को चेहरे पर डैब करें, ताकि फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाए।

**आई मेकअप:** निखरी खूबसूरती पाने के लिए आंखों का परफेक्ट मेकअप भी बहुत मायने रखता है। अच्छा आई मेकअप आपके पूरे लुक को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आंखों के आस-पास की स्किन और पलकों के ऊपरी हिस्से पर बेस तैयार करना चाहिए और प्राइमर और फाउंडेशन लगाना चाहिए। आप आंखों को यदि बड़ा दिखाना चाहती हैं, तो लाइट आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहिए। आप काजल और आईलैशेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिपस्टिक:** लिपस्टिक का चुनाव करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि डे पार्टी में लाइट और न्यूड शेड्स की लिपस्टिक कैरी करें और नाइट पार्टी में डार्क रेड, ब्राउन या फिर डार्क पिंक कलर की लिपस्टिक अप्लाई करें। होंठों के आकर्षण के लिए लाइट और नेचुरल कलर्स का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा डार्क या ब्राइट कलर लगाने से परहेज करना चाहिए। लिपस्टिक की रंगत चुनते समय अपनी स्किन शेड को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपकी स्किन टोन में पीलापन है तो ऑरेंज कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। डस्की स्किन के लिए यलो कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। गर्मियों में सामान्य त्वचा के लिए हल्के रंग बेहतर लगते हैं, लेकिन सांवली रंगत के लिए चमकीले रंग बेहतर होंगे। आप डार्क यलो शेड्स का प्रयोग भी कर सकती हैं। रात में होंठों से लिपस्टिक हटाना न भूलें। लिपस्टिक के बचे रंग होंठों को सूखा कर सकते हैं।

आजकल अनेक महिलाएं कई वजहों से अलग-अलग मनोरोगों की शिकार हो रही हैं। क्यों होता है ऐसा, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें और इससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# तब आपका मन नहीं होगा बीमार

मेंटल हेल्थ
डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर साइकिएट्रिस्ट, गुरुग्राम

आज लोगों की जीवनशैली में व्यस्तता इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि उनके पास खुद पर ध्यान देने और अपने परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करने का समय नहीं होता है। इस तनावपूर्ण जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। इस दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। इनके बारे में आपको पता होना चाहिए।

**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और शहरों में न्यूक्लियर फैमिली की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें। इसकी वजह से उनका तनाव बढ़ने लगता है।

**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, अनिद्रा, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और निराश हो जाना इसके प्रमुख लक्षण हैं।



**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ मन की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनें, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक से संपर्क करें।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की घड़कन तेज होना, पसीना आना, थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।

**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें।



**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और जीने से अरुचि की भावना लंबे समय तक बनी रहे, तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही हैं।

**प्रमुख लक्षण:** अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, हीन भावना, आत्मविश्वास में कमी, डिप्रेशन के लक्षणों में शामिल हैं।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकिएट्रिस्ट से सलाह लें।

प्रस्तुति: विनीता

आप नया घर बनवा रही हैं या पुराने घर का रिनोवेशन करवा रही हैं तो आप जरूर किचेन को भी आकर्षक डिजाइन में देखना चाहेंगी। इसलिए हम आपको यहां बता रहे हैं, कुछ मॉडर्न किचेन डिजाइंस के बारे में।

# अट्रैक्टिव-कंफर्टेबल मॉडर्न किचेन डिजाइन

इंटीरियर
रेणु लैसी फ्रांसिस



हर घर में रसोई यानी किचेन का खास महत्व होता है। यहीं पर आप पूरे परिवार के लिए खाना-नाश्ता बनाती हैं। होम मेकर्स के दिन का काफी समय यहीं बीतता है। इसलिए इसका इंटीरियर न केवल आकर्षक बल्कि सुविधाजनक भी होना चाहिए। हालांकि पुराने दौर में घरों में जिस तरह के किचेन हुआ करते थे, आज उसके स्वरूप में काफी बदलाव हुए हैं। जैसे-जैसे तकनीक में सुधार हुआ, किचेन में सुविधाएं भी बेहतर होती गई हैं। आजकल मॉड्यूलर किचेन महिलाओं की पहली पसंद बन रही है। नए इंटीरियर ट्रेंड में किस तरह के किचेन पसंद किए जा रहे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगी।

**ओपन किचेन:** आजकल विदेशों की तरह अपने यहां भी घरों में ओपन किचेन लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा हैं। यह डायनिंग रूम और हॉल के साथ ही बनाए जाते हैं। ओपन किचेन में कोई दरवाजा नहीं होता, यह बिल्कुल खुला हुआ होता है। चारों तरफ से रोशनी और हवा आती रहती है। आप इस किचेन में काम करते हुए अन्य लोगों से बातचीत भी कर सकती हैं। आप किसी इंटीरियर डिजाइनर की सलाह से ओपन किचेन बनवा सकती हैं।



**वाल किचेन:** छोटी जगह के लिए वाल किचेन एक अच्छा ऑप्शन है। आजकल लोग एक दीवार वाला किचेन ज्यादा बनवाना पसंद कर रहे हैं। आप रसोई के सामानों को एक दीवार के साथ व्यवस्थित रख सकती हैं। जिससे सब कुछ आसानी से एक ही जगह मिल जाता है। किचेन में सामानों को स्लाइडिंग दरवाजे के पीछे या कैबिनेट के भीतर रखा जा सकता है। आप एक सामान के ऊपर दूसरा सामान भी रख सकती हैं, जिससे छोटी जगह का भी उपयोग ईजीली हो जाता है।

**एल शेप किचेन:** आजकल एल शेप के किचेन भी काफी बनवाए जा रहे हैं। यह छोटी और बड़ी दोनों जगहों पर आसानी से बन जाता है। इसमें आप कम जगह में ज्यादा सामान को आसानी से स्टोर कर सकती हैं। कुकिंग एरिया और स्टोर को अलग दो भाग में बनाने के लिए आजकल एल शेप के किचेन ज्यादा बनाए जा रहे हैं। एक तरफ खुली जगह जहां आप खाना बना सकती हैं। दूसरे भाग में आप सामान रख सकती हैं। अगर आपके पास छोटा किचेन स्पेस है तो एल शेप का किचेन बनवा सकती हैं।

**पैरेलल किचेन:** ऐसा किचेन कम जगह में आसानी से बन जाता है। अगर आपके घर में स्मॉल गैलरी जैसा शेप है तो आप यहां पैरेलल किचेन बनवा सकती हैं और किचेन को क्लासिक लुक भी दे सकती हैं। पैरेलल किचेन में एक समय में एक से अधिक व्यक्ति काम नहीं कर पाते हैं।

**यू शेप किचेन:** आपके घर में ज्यादा और बड़ी जगह है तो आप यू शेप का किचेन बनवा सकती हैं। इसमें आपको स्पेशियस स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। यू शेप के किचेन में आप आसानी से सिंक, कुकटॉप, ओवन और रेफ्रिजरेटर को रख सकती हैं। यू शेप के किचेन में दो-तीन लोग आराम से एक साथ काम कर सकते हैं। आपका परिवार बड़ा है तो यू शेप किचेन को बनवाने में ही समझदारी है।



(इंटीरियर डिजाइनर वरिजा बजाज से बातचीत पर आधारित)

## खबर संक्षेप


भिवानी। मातृ दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित जेसीआई की सदस्य।

### जीवन को सही दिशा देती है मां: जिम्मी तलवार

**भिवानी।** रेस्तरां में जेसीआई भिवानी की महिला इकाई ने मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित सभी ने मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त करते हुए कहा कि मातृ दिवस जीवन में मां की भूमिका, उनके बलिदान और निःस्वार्थ प्रेम को याद करने का अवसर देता है। जेसीआई भिवानी की जेसीआरटी चेयरपर्सन जिम्मी तलवार ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं होती, जीवन को दिशा देने वाली होती है।

### अधिकारी शिकायतों का शीघ्र करें निपटारा

**भिवानी।** समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से यथाशीघ्र निपटारा करें। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों को विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार जिला में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबर 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शिकायतों की सुनवाई की और कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान यह सुनिश्चित करें। अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करें और मौके पर आवेदन फार्म भी भरवाएं।

### भक्ति व श्रद्धा से सराबोर रही भजन संध्या

**चरखी दादरी।** सोमवार 12 मई को पावन बैसाख बुद्ध पूर्णिमा पर घिकाड़ा रोड स्थित हरिओम आश्रम में महिला शक्ति द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया। इस विशेष आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं एकत्रित हुईं और भगवान श्रीकृष्ण एवं बाबा श्याम के भजनों से गहन आस्था प्रकट की। कार्यक्रम की शुरुआत महिला कलाकारों के कीर्तन से हुई, जिसमें उन्होंने भावपूर्ण भजनों से बाबा श्याम को रिझाने का प्रयास किया।

### युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

**भिवानी।** देश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त संकल्प अभियान के तहत हनुमान जोहड़ी मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में किया गया। इस मौके पर कथावाचक बेला पारीक भी विशेष तौर पर पहुंची। इस दौरान नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने उपस्थित जनों को नशे के दुष्परिणाम बताए।

*गुरु गोरखनाथ गुरु एवं योग परंपरा के महान स्तंभः भवानी प्रताप*

# शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ ने पूरे विश्व को दिया शांति, एकता व भाईचारे का संदेश: चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिव अवतरी महायोगी गुरू गोरखनाथ जन्मोत्सव एवं बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को रूद्रा कॉलोनी की गली नंबर-2 में सुरेंद्र भगत एवं बालाजी दरबारी की तरफ से भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिरकत की तथा सान्निध्य हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज का रहा। सुरेंद्र भगत ने बताया कि कीर्तन एवं भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय उत्साह देखने को मिला। प्रातःकाल विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय और बाहर से आए कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। संगीतमय वातावरण में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत चरणदास ने बताया कि बाबा गोरखनाथ के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम सामाजिक समरसता एवं भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोक परंपराओं और गुरू गोरखनाथ परंपरा को जीवित रखते है, विशेषकर युवाओं में इन मूल्यों को जागृत करते है। इस मौके पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि महायोगी गुरू गोरखनाथ को गुरू और योग परंपरा का महान स्तंभ माना जाता है।



भिवानी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु व बच्चों को सम्मानित करते महंत चरणदास महाराज। फोटो :हरिभूमि

### रामधन को हसला के जिला संरक्षक की जिम्मेदारी मिली

**भिवानी।** सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में सोमवार को हसला की बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता हसला जिला प्रधान महेंद्र मान ने की।

जिला प्रधान महेंद्र मान ने सभी पदाधिकारियों से अपनी ताकत से सगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी समय संगठन के लिए चुनौती भरा रहने वाला है, क्योंकि विभाग ने तीन सालों से कोई ट्रांसफर ड्राइव नहीं चलाया है, 10 हजार से अधिक अध्यापक-प्राध्यापक अस्थाई स्कूलों मे कार्य कर रहे है।

## गांव ढाणा लाडनपुर में बौद्ध अनुयायियों ने बौद्ध जयंती मनाई

# गौतम बुद्ध ने समाज को अहिंसा व भाईचारे का दिया संदेश: बराड़


भिवानी। गांव ढ़ाणा लाडनपुर में गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष नमन करते अनुयायी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को गांव ढाणा लाडनपुर स्थित कुटागारशाला बौद्ध विहार के प्रांगण में बौद्ध अनुयायियों ने बौद्ध जयंती पर वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने गौतम बुद्ध को नमन किया। इस दौरान तथागत गौतम बुद्ध की जाति-पाति के खिलाफ, समानता, शिक्षा को बढ़ावा, अहिंसा, भाईचारा की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। इस दौरान प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

इस मौके पर महाबीर सिंह बराड़ व जयवीर लांग्यान ने कहा कि तथागत बुद्ध ने जीवनपर्यंत अहिंसा की बात की और पूरी दुनिया को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

उन्होंने तथागत बुद्ध का जीवन परिचय देते हुए कहा कि राज परिवार में जन्में बुद्ध ने संसार को दुःखों से मुक्ति दिलाने के लिए परिवार का सारा वैभव त्याग दिया और ज्ञान की खोज में निकल गए तथा आज विश्व उनकी दिखाई शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए एक सभ्य समाज की संरचना में योदान दे रहा है। बुद्ध को मानवता का मसीहा बताते हुए जयवीर लांग्यान ने कहा कि तथागत बुद्ध की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार कर और उनके जीवन आदर्शों को अपनाकर प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वतन बक्शीराम, बसपा वरिष्ठ नेता राजवीर सिंह बराड़, प्रेमलता, आशा बौद्ध, महिपाल सरोहा, आजाद जसवंत जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी भिवानी, रवि चौहान, सोनू बराड़, किशोरीलाल, ज्योति चौहान, कविता रानी, दुर्गेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


भिवानी। महंत चरणदास महाराज का स्वागत करते शहरवासी।

### करुणा व सेवा का संदेश देती बुद्ध पूर्णिमा:चरणदास

**भिवानी।** बुद्ध पूर्णिमा पर सोमवार को रोहतक गेट चौक पर व्यापारियों ने हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में पानी की छबीलें लगाकर लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाया। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के इस कार्य को देखकर हर कोई प्रशंसा करता नजर आया। जल सेवा कार्य का आयोजन व्यापारियों ने किया, जिसमें अनेक दुकानदारों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। व्यापारियों ने छबील के स्टॉलों पर ठंडा पानी, शिकंजी और अन्य शीतल पेय वितरित किए।
जल सेवा कार्यक्रम में पहुंचने पर व्यापारियों ने महंत चरणदास महाराज का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। महंत चरणदास महाराज ने व्यापारियों के जनसेवा के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा करुणा और सेवा का संदेश देती है। इसी भावना को लेकर किया जनसेवा का प्रयास लोगों को गर्मी में राहत मिली है, ऐसे कार्य समाज में सकारात्मकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं, जो आपसी भाईचारे और मानवीय मूल्यों की मिसाल भी बनती है। इस अवसर पर विनोद कुमार, हर्षवर्धन मान, अशोक शर्मा, नवीन वर्मा, पंकज परमार आदि मौजूद रहे।


भिवानी। मनीषा सांगवान के निवास पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## स्वर्गीय सावित्री देवी का संघर्ष महिलाओं के लिए प्रेरणा: दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान की सास सावित्री देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर सैंकड़ों नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। रोहतक लोकसभा से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी डॉ. मनीषा सांगवान के निवास पर पहुंचकर सावित्री देवी को नमन किया। सांसद दीपेंद्र ने कहा कि सावित्री देवी का जीवन आज की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने हर परिस्थिति में खुद को स्थापित किया। छोटे से गांव में रहने के बावजूद बच्चों को काबिल बनाया। सावित्री देवी के संघर्ष से उनके बच्चे उच्च पदों पर सेवा दे रहे हैं और महिलाओं को उससे सीख मिलती है। डॉ. मनीषा ने कहा कि उनकी सास सावित्री देवी हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहती थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राव दानसिंह, पूर्व विधायक सोमबीर श्योराण, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, पूर्व विधायक रघबीर सिंह छिल्लर, हरदीप चहल, बलराज फौगाट, ढिल्लू मास्टर आदि मौजूद रहे।

### गुरु नाम से मालिक के घर पहुंचे सकते हैं: बाबूजी

**भिवानी।** आनंद परमानंद सत्संग धाम निगाणा में बुद्ध पूर्णिमां पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया। सत्संग में सतगुरु बाबूजी साहेब ने कहा कि प्रेम का भाव हमारे हृदय में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार व बुरी वासनाओं को त्यागकर सत्संग में ध्यान लगाकर रखे। उन्होंने महात्मा बुद्ध के जीवन के बारे में बताया कि उन्होंने अहिंसा, शांति, करूणा और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने सांसारिक इच्छाओं से मुक्त होने और निर्षाण प्राप्त करेन का मार्ग बतााय। सतगुरु बाबू जी साहेब ने बताया कि मालिक के घर का मार्ग बहुत दूर है उसको पाने क लिए गुरु का नामदान लेकर उसकी कमाई करके उसके धाम में पहुंचा जा सकता है। इस अवसर पर सेवादार हेमंत आनंद, शब्द गायक सेवानंद डाडम, राकेश पेंतावास, कृष्ण निगाणां, जगदीश काजला, हेमंत पथाना,, सुशीला सुरपुरा, रोशनी हिसार व निर्मला उपस्थित रहे।

## नियमित कॉलोनी, सीवर लाइन, पेयजल समस्या व बुस्टिंग स्टेशन की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

राजीव कॉलोनी के जनकल्याण समिति के सदस्यों और प्रबुद्धजनो ने भाजपा जिला प्रधान वीरेंद्र कौशिक का स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष का लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। जिला प्रधान वीरेंद्र कौशिक का सम्मान करते हुए राजीव कॉलोनी के जनकल्याण समिति के प्रधान रिसालदार करण सिंह ने अपनी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से जिला प्रधान को अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1982 में राजीव कॉलोनी बनी थी, वर्तमान में कॉलोनी में लगभग 70 प्रतिशत की आबादी है। इसके बावजूद कॉलोनी सुविधाओं का अभाव है। बीते कई दिनों से इलाके में सप्लाई का प्रेसर कम आता है, जिसकारण इलाके के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता और परेशानी बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि काफी घरों में पानी की समस्या बनी हुई है और कभी कभार पानी आता है तो सीवरयुक्त गंदा पानी सप्लाई होता है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में बिजली के पोल काफी समय पहले लगे थे और इसके बाद गली निर्माण हुआ था जिसके चलते वो छोटे पड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि बूस्टिंग स्टेशन की मांग भी बहुत समय से करते आ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

**चरखी दादरी।** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे ये प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गई है। अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि आवेदक पीपीपी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## शिकायतकर्ताओं को समाधान की पूरी प्रक्रिया बताकर संतुष्ट करें: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसडीएम महेश कुमार व सीटीएम अनिल कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आए शिकायतकर्ताओं की शिकायत को शीघ्र निपटाएं और साथ ही उनको संतुष्ट भी करें ताकि उनकी शिकायत दोबारा रिओपन ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान कर, उनकी स्टेटस रिपोर्ट एटीआर पोर्टल पर जरूर अपडेट करें। एसडीएम व सीटीएम के समक्ष



भिवानी। आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम।

गांव देवसर निवासी उमेद देवी ने पुलिस कार्यवाही बारे, घुसकानी निवासी ओमप्रकाश ने खेत में नाला बनवाने के बारे, बाला ने डाकघर से एफडी के पैसे की जानकारी लेने बारे, रेवाडी खेड़ा निवासी रामदत्त शर्मा ने जमीन की गिरदावरी में नाम ठीक करवाने बारे, सोमप्रकाश ने गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे, बैंक कालोनी निवासी देवेन्द्र ने बुस्टर का पम्प ठीक करवाने बारे, आशा ने पीपीपी बनावने बारे, रामनिवास ने बिजली का ट्रांसफार्मर बदलवाने बारे व दीपक ने पुलिस कार्यवाही बारे समस्या रखी। उन्होंने सभी समस्याओं को बड़े गौर से सुना और उनके समाधान बारे संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आई शिकायतों को गंभीरता से लेकर स्थाई समाधान करें।

## भिवानी परिवार मैत्री संघ व गोरक्षा दल ने चलाया खंडित देव मूर्ति निष्पादन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



बुद्ध पूर्णिमा पर जब देशभर में शांति, करूणा और धर्म के संदेश गूंज रहे थे, उसी दिन गौरक्षा दल एवं भिवानी परिवार मैत्री संघ ने विशेष अभियान चलाकर समाज में आस्था और सफाई दोनों का अनूठा संदेश दिया। मैत्री संघ के प्रधान राजेश चेतन एवं गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में सोमवार को शहर व आस-पास के क्षेत्रों से एकत्रित की गई खंडित मूर्तियों पंडित उमेश शर्मा विधिवत मंत्रोच्चारण से लठियावाला जोहड़ में विधिवत निष्पादित किया।

इस दौरान न केवल भिवानी व उसके आस-पास के क्षेत्रों, बल्कि दिल्ली से भी एकत्रित की गई खंडित मूर्तियों का यहा निष्पादन किया। कार्यक्रम में लठियावाला जोहड़ मंदिर के गद्दीनशीन बाबा रूपनाथ का सान्निध्य रहा। मैत्री संघ के प्रधान राजेश चेतन, पालुवास के सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह फौजी व नाथुवास सरपंच विजय पहलवान ने बताया कि भगवान की मूर्तियां जो कभी हमारे माथे पर लगा करती थी, वह खंडित होने के बाद पीपल के पेड़ के नीचे या अलग-अलग जगह पर ठोकरो में धूल खाने के लिए फेंक दी जाती है, जिससे जल व पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ लोगों की धार्मिक आस्था को भी ठेंस पहुंचती हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल एवं पर्यावरण के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं का संरक्षण करना है, जिसके लिए दोनों संस्थाओं द्वारा चलाया खंडित देव मूर्तियों को निस्तारण अभियान सराहनीय है। विभिन्न स्थानों से खंडित मूर्तियों को एकत्रित करने के बाद विधिवत धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार मिट्टी से बनी खंडित देव मूर्तियों को धरती मां को ही सुपुर्द किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में खंडित मूर्तियों की पूजा नहीं की जाती, ऐसे में इनका विसर्जन या निस्तारण धार्मिक परंपराओं के पालन का प्रतीक है।

### बारिश के कारण आढ़तियों का गेहूं नष्ट होने से नाराजगी

## आढ़तियों के जख्मों पर मरहम लगाने पहुंचे विधायक

# विधायक बोले-मुख्यमंत्री से मिलकर आढ़तियों की समस्याओं के समाधान को लेकर करेंगे बात

*आढ़तियों में सुखबीर थोरी, राजू हंस, अंकित, कुलदीप डाबडिया, जीतू बलियाली, लाली, गोलू, महेन्द्र, पितराम, मांगे सिवाड़ा, दिनेश, पृथ्वी भुरटाना, मोहित यादव आदि ने बताया कि एफसीआई ने खरीद की जिम्मेदारी वेयरहाउस व हैफेड की लगाई थी लेकिन जिसके लिए एफसीआई ने कोई इंतजाम नहीं किए।*

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा अनाज मंडी में विभाग द्वारा समय पर गेहूं का उठान न करने व बारिश के कारण आढ़तियों का गेहूं नष्ट होने व आढ़तियों द्वारा रोष प्रदर्शन को लेकर विधायक कपूर वाल्मीकि उनके जख्मों पर मरहम लगाने पहुंचे।

आढ़तियों में सुखबीर थोरी, राजू हंस, अंकित, कुलदीप डाबडिया, जीतू बलियाली, लाली, गोलू, महेन्द्र, पितराम, मांगे सिवाड़ा, दिनेश, पृथ्वी भुरटाना, मोहित यादव आदि ने बताया कि एफसीआई ने खरीद की जिम्मेवारी वेयरहाउस व हैफेड के जिम्मेवारी लगाई चाहिए थी लेकिन जिसके लिए एफसीआई ने कोई इंतजाम नहीं किया। अनाज मंडी में लगभग 30-40 हजार क्विंटल गेहूं बारिश की भेंट चढ़ गया। अनाज मंडी में विधायक कपूर वाल्मीकि का दौरे को लेकर आढ़तियों का दर्द उनके सामने छलका और उन्होंने बताया कि रविवार तक ढ़ाई से तीन लाख कटटा पेंडिग है। जिसमें एजेंसियों ने कोई रिस्पांस नहीं दिया वहीं एफसीआई ने एजेंसियों को गेहूं के उठान के लिए कोई आदेश नहीं दिया। गेहूं उठान की धीमी प्रकिया के लिए व नष्ट हुए गेहूं का जिम्मेवार एफसीआई, वेयरहाउस, हैफेड जिम्मेदार है।

आढ़तियों ने विधायक को बताया कि एफसीआई डीएम हिसार को एजेंसियों को उठान के लिए आदेश देना चाहिए था ताकि समय पर गेहूं का उठान हो जाता।


बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा अनाजमंडी में निरीक्षण कर आढ़तियों का दर्द जानते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि। फोटो :हरिभूमि

### आढ़तियों को नहीं होने देंगे नुकसान

विधायक कपूर वाल्मीकि ने अनाज मंडी बवानी खेड़ा में पहुंचकर आढ़तियों का दर्द जाना और उनके जख्मों पर मरहम लगाते हुए बताया कि वे स्वयं विशाल हृदय सम्राट प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेंगे और आढ़तियों का पक्ष उनके सामने रखकर नुकसान का मुआवजा दिलवाने का कार्य करेंगे। किसी को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। भविष्य को लेकर उन्होंने बताया कि विभाग को भी सख्त आदेश दे दिए हैं।

## खबर संक्षेप


चरखी दादरी। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### भाविप की शाखा परिवार मिलन समारोह आयोजित

**चरखी दादरी।** भारत विकास परिषद शाखा चरखी दादरी द्वारा सत्र 2025-26 के लिए दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन अग्रसेन धर्मशाला पुरानी दिल्ली रोड चरखी दादरी में हुआ। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद आराध्य स्वामी विवेकानंद व भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात महिला सदस्यो द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान, विशिष्ट अतिथि वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान रविंद्र सिंह गुप्ता ने शिरकत की। वहीं परिषद के संस्थापक सदस्य बाबू जीतराम गुप्ता एवं कार्यक्रम अध्यक्ष हरियाणा पश्चिम प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, शाखा अध्यक्ष सतीश बंसल सभी का सम्मानित सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

### बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना हुई लागू

**चरखी दादरी।** हरियाणा ऊर्जा विभाग के सचिव एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने बताया कि 12 मई से सरचार्ज माफी योजना लागू हो गई है। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी निजी उपभोक्ता श्रेणियों, कृषि श्रेणी, सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी, औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसे उपभोक्ताओं के लिए वैध होगी जो 31 अगस्त 2024 तक बिजली निगम के डिफॉल्टर थे और आज की तारीख तक डिफॉल्टर बने हुए हैं।

### आपातकाल स्थिति के लिए रक्तदाता रहे तैयार

**भिवानी।** आतंकवाद के खिलाफ जारी भारत की जंग में जहां सुरक्षा बल मोर्चे पर डटे हुए हैं, वहीं देश के रक्तवीर भी किसी मोर्चे पर पीछे नहीं हैं तथा देश के वीर सपूतों के लिए रक्त की जरूरत को पूरा करने के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े हो गए है। इसी कड़ी में भिवानी निवासी शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा एवं रक्तवीर मनीष वर्मा ने अपनी टीम के सभी रक्तदाताओं से आह्वान किया कि वे देश व मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए तैयार रहे। डूडेजा व वर्मा ने बताया कि आर्मी अस्पताल से उनके पास सूचना आई थी कि सैनिकों के लिए रक्तदाताओं की आवश्यकता हो सकती है, ऐसे में अपनी टीम के सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए तैयार रखे, जिसके बाद उन्होंने अलग-अलग ब्लड ग्रुप्स के रक्तदाताओं की सूची तैयार की उन्हें फोन कर सूचित भी कर दिया है, ताकि वे देश के प्रति कर्तव्य को निभाने के लिए तैयार रहे।

### संस्कार एवं संस्कृति एक सिक्के के दो पहलू: कौशिक

**भिवानी।** युवाओं को अपने बड़े बुजुर्गों के पास बैठक कर उनसे हमारी संस्कृति से संबंधित बातचीत अवश्य करनी चाहिए, इससे उनके अंदर संस्कारों की उत्पत्ति होती है, ये बात म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने गांव धारेडू में आयोजित सांग कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। कौशिक ने कहा कि संस्कार और संस्कृति एक सिक्के के दो पहलू हैं, जो हमारे बड़े बुजुर्गों के पास ही मिल सकते हैं। बुजुर्गों के पास बैठने से बहुत सी बुराई, नशाखोरी व पाश्चात्य संस्कृति से बचा जा सकता है। क्योंकि हमें अपने बुजुर्गों से सांस्कृतिक विरासत से ही हमारे संस्कार फलीभूत होंगे। प्राय देखने में आता है सांग हमारी प्राचीन धरोहर है बशर्ते की सांग के बीच में इतिहास से अलग दूसरी चीजों का सहारा न लिया जाए, जिससे सामाजिक उन्माद फैलने की आशंका हो।

## आंधी तूफान की वजह से घंटों बंद रहे अनेक बिजली फीडर

# हरे पेड़ की टहनियों ने रोके बिजली सप्लाई के कदम

**बिजली निगम के पैट्रोलिंग टीम ने मौका निरीक्षण किया और लाइन क्लियर होने पर सप्लाई को सुचारू चालू करवाया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी/बवानीखेड़ा

रविवार को शाम साढ़े पांच छह बजे के दौरान आई तेज आंधी व तूफान की वजह से अनेक बिजली फीडर बंद रहे। पटेल नगर फीडर सहित अनेक जगहों पर बिजली के पोल टूटने से घंटों तक बिजली सप्लाई बंद रही। इसके बाद बिजली निगम के पैट्रोलिंग टीम ने क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया और लाइन क्लियर होने पर सप्लाई को सुचारू चालू करवाया गया। वहीं तेज अंधड़ की वजह से अनेक जगहों पर हरे पेड़ों की टहनियां गिर गई। जिस वजह से बिजली की सप्लाई का ब्रेक डाऊन हो गया। करीब दस घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बवानीखेड़ा व आसपास के इलाकों में बिजली की सप्लाई चालू हो पाई। उल्लेखनीय हैं कि रविवार को शाम साढ़े पांच छह बजे तेज आंधी तूफान आने की वजह से चारों तरफ अंधेरा छा गया। कई जगह बिजली के पोल और पेड़ टूटने से जनजीवन प्रभावित हो गया। बिजली निगम ने तेज आंधी तूफान को देखते हुए सभी फीडरों की बिजली सप्लाई बंद कर दी थी। तेज आंधी तूफान की वजह से बापोड़ा रोड 132 केवी सब स्टेशन ने औद्योगिक क्षेत्र 132 केवी बस स्टेशन की बिजली सप्लाई बंद कर दी, जिसके अंतर्गत आने वाले सभी फीडर भी बंद हो गए। आंधी तूफान की वजह से अनेक जगहों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं पेड़ भी टूट गए, जिसकी वजह से आवागमन प्रभावित रहा। गर्मी के मौसम में बिजली सप्लाई बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के मौसम में मक्खी मच्छरों का प्रकोप बना रहा। तेज आंधी तूफान ने घर आंगन को धूल मिट्टी से आट दिया, वहीं गलियां व नालियां कूड़ा कर्कट व पॉलिथिन से अट गई।


बवानीखेड़ा। आंधी के बाद बिजली के तारों में अटकी हरे पेड़ों की टहनियां।

### 10 घंटे में चालू हुई बवानीखेड़ा कस्बे की बिजली

रविवार शाम को करीब छह बजे तेज अंधड़ की वजह से भिवानी व आसपास के इलाकों की बिजली गूल हो गई। करीब दो घंटे तक कभी तेज तो कभी धीमी गति से आंधी चली। उसके बाद लोगों को लगा कि जल्द ही बिजली की सप्लाई शुरू हो जाएगी,लेकिन भिवानी शहर में तो तीन घंटे बाद बिजली की सप्लाई शुरू हो गई,लेकिन बवानीखेड़ा इलाके में ज्यादा जगहों पर हरे पेड़ बिजली की लाइनों पर गिर गए। जिस वजह से अनेक जगहों पर बिजली ब्रेक डाऊन हो गई। कई बार निगम ने बिजली की सप्लाई को चालू किया गया,लेकिन बार बार ब्रेक डाऊन होता रहा। उसके बाद बवानीखेड़ा पावर हाऊस की फिल्ड की टीम रात को ही लाइनों को चेक करने के लिए निकली। अनेक जगहों पर हरे पेड़ लाइनों में अटके रहने की वजह से बिजली की सप्लाई बाधित रही। करीब तीन बजे तक निगम की टीम तारों में अटके हरे पेड की टहनियों को हटा पाए। तब जाकर साढे तीन बजे बिजली की सप्लाई चालू हो पाई।

### 11.30 बजे चालू हुआ पालुवास फीडर

तेज आंधी तूफान की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। आंधी व तूफान को देखते हुए बिजली निगम ने सभी फीडरों की बिजली सप्लाई बंद कर दी थी, इसी कड़ी में पालुवास फीडर भी लंबे समय तक बंद रहा। आंधी तूफान के चलते तकनीकि खराब के कारण पालुवास फीडर करीब साढ़े ग्यारह बजे चालू हो पाया। इसी तरह जेल फीडर भी करीब डेढ़ घंटे तक बंद रहा। वहीं सिटी फीडर, कृष्णा कॉलोनी फीडर और हॉस्पिटल फीडर की सप्लाई भी बंद रही।

# भूमि-जनित रोगों से बचाव को बीज उपचार जरूरी: डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। किसानों को संबोधित करते डॉ. आरके सैनी। फोटो : हरिभूमि

भूमि में अनेक प्रकार की फंफूद, बैक्टीरिया व अन्य सूक्ष्मजीव होते हैं, जो उगते हुए पौधों की जड़ों पर प्रहार करते हैं। इनके प्रकोप से पौधों में पानी व खुराक का संचार बाधित होता है, जिससे पौधों की जड़ें काली पड़ जाती हैं तथा पौधे पीले पड़ कर सूखने लगते हैं, लेकिन फसल बिजाई से पहले बीज को दवा से उपचारित कर रोगों से इन रोगों से काफी हद तक छुटकारा मिल जाता है। बीज उपचार एक बहुत ही सस्ता व कारगर उपाय है। उक्त विचार एचएयू हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत डॉ. आरके सैनी ने व्यक्त किए। वे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स भिवानी द्वारा लोहारू में आयोजित कृषि शिविर में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्वार फसल के उखेडा रोग की रोकथाम के लिए बीज को कार्बन्डाजिम 50 प्रतिशत से उपचारित (3 ग्राम दवा प्रति किलो बीज) कर बोने की सलाह दी। अच्छी पैदावार के लिए ग्वार की उन्नत किस्मों जैसे एचजी-365, एचजी-563 तथा एचजी 2-20 का प्रयोग करने के साथ-साथ 25 किलो डीएपी डालने की सलाह दी।

# 2.65 करोड़ से चमकेगा रोज गार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

- विधायक सांगवान ने दी जानकारी, आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा रोज गार्डन


विधायक सुनील सांगवान।

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि शहर के रोज गार्डन का करीब 2.65 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस सौंदर्यकरण किया जाएगा। रोज गार्डन बिजली की रोशनी से जगमगाएगा। पार्क में बच्चों के लिए मनोरंजन के संसाधन भी सुलभ होंगे। सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार के लिए संबंधित विभाग द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। आने वाले समय में रोज गार्डन में कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दादरी के विकास को अहमियत दी जा रही है। इसी कड़ी में दादरी के रोज गार्डन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बजट जारी किया है। करीब 2.65 करोड़ की राशि से गार्डन का सौंदर्यकरण व जिर्णोद्धार किया जाएगा। पार्क की जर्जर सड़क के साथ ही पौधरोपण को दुरुस्त कराया जाएगा। वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनेगा ताकि बारिश के दिनों में पार्क में पानी का भराव न हो सके। वहीं नया ट्रैक, नए झूले व फव्वारे लगाए जाएंगे। हाईमास्ट लाइटों से पार्क को जगमग किया जाएगा। इसके साथ ही अहम काम पार्क में बच्चों के खेलकूद के संसाधनों से लैस किया जाएगा।

# रावमावि तिगड़ी में माताओं की विभिन्न प्रतियोगिता एवं गीत-संगीत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। गांव तिगड़ी के स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं व शिक्षिका।

जिला के गांव तिगड़ाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगड़ी के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर पहुंची सभी माताआं की हर्डल रेस, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन करवाया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढक्रर भाग लिया। इसके पश्चात गीत-संगीत के कार्यक्रम में भी सभी माताओं ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माता को हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय मिडल हैड मंजू शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम माताओं को सम्मान देने और विद्यालय तथा अभिभावकों के बीच सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि माताएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस पर इस प्रकार के आयोजन माताओं को सम्मान देने का एक सुंदर तरीका है। इसके साथ ही इस प्रकार के आयोजन बच्चों व अभिभावकों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते है। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी माताओं ने विद्यालय परिवार को इस भावभीनी पहल के लिए धन्यवाद दिया।

# 20 की हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

- मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा के ब्लॉक कमेटी तोशाम की बैठक शहीद पार्क में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



तोशाम। आयोजित बैठक में नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा के ब्लॉक कमेटी तोशाम की सोमवार को एक बैठक तोशाम के शहीद पार्क में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान मीरा देवराला ने की। बैठक में मीरा देवी ने बताया कि पूंजीपति वर्ग के बेलगाम शोषण अत्याचार और केंद्र व राज्य सरकारों की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एआईयूटीयूसी सहित 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आगामी 20 मई को विदेशव्यापी आम हड़ताल को सफल करने के लिए सभी ने अपनी जिम्मेवारिया ली। बैठक के दौरान एआईयूटीयूसी के भिवानी जिला प्रधान राजकुमार बासिया ने मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 44 श्रम कानून को रद्द करने और 4 लेबर कोड लागू करने की घोषणा की है। आज यह तानाशाही पूर्ण सरकार श्रमिकों को औद्योगिक विवादों को निपटाने के संबंध में जो भी कानूनी सुविधा प्राप्त है उन्हें भी छीनने का प्रयास कर रही है। यह लेबर कोड वास्तव में औद्योगिक क्षेत्र में मालिकों को बेलगाम आतंक कायम करने का एक बंदोबस्त है। उन्होंने कहा जब तक मिड-डे-मील कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक उन्हें कम से कम श्रमिक का दर्जा दिया जाए और प्रांत में लागू न्यूनतम वेतन दिया जाए। नौकरी की उम्र 65 वर्ष की जाए। ड्रेस के रूपये बढ़ाए जाए व मानदेय समय पर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जब तक हमारे मांगे नहीं मानी जाएंगी हम आंदोलन जारी रखेंगे और 20 मई की हड़ताल को 100 प्रतिशत सफल करेंगे। गीता, सुशीला, सुमन, शारदा, विद्या, दर्शना, कौशल्या, मुकेश आदि ब्लॉक कमेटी की करीबन चार दर्जन से अधिक महिलाएं मौजूद थी।

### मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध

इस मौके पर भवन निर्माण के जिला प्रधान धर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 20 मई को सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों जिसमें चार श्रम कोड लाकर लगभग सभी श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया है, महिलाओं को रात की ड्यूटी का कानून बना दिया है, 8 घंटे की जगह 12 घंटे की ड्यूटी की योजना बनाई जा रही है।

# अजय गुप्ता चुने गए अध्यक्ष

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी की प्रबन्ध समिति के चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के चयनित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

वैश्य महाविद्यालय प्रबन्धसमिति के चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट बृजमोहन गोयल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता की अध्यक्षता में सभी ट्रस्टियों की एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सभी ट्रस्टियों ने वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के सभी पदों पर सर्वसम्मति से सहमति जताते हुए अजय गुप्ता को अध्यक्ष, डॉ पवन कुमार बुवानीवाला को उपाध्यक्ष, घनश्याम दास सर्राफ को महासचिव व बृजलाल सर्राफ को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया। शिक्षण प्रतिनिधि पद के लिए डॉ. पवन कुमार गुप्ता एवं डॉ. हरिकेश पंघाल चुने गए। गैर-शिक्षण प्रतिनिधि पद के लिए मुकेश कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी पदाधिकारी संस्था के विकास के लिए पूर्ण ईमानदारी से संस्था के विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि पूर्वजों ने इस पौधे का रोपण क्षेत्र में शिक्षा रूपी अन्धकार को हटाने के लिए किया था। जिसे नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने अथक प्रयास व मेहनत से पूरा करने का प्रयास करेंगे।

# विद्यार्थी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों और नवाचारों को जन्म दें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भिवानी में विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी बारे जागरूक किया गया। सेमिनार कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने की। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से परिचित कराना है। इसके अलावा इस दिशा में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। हर साल 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। जो भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उन्नति का प्रतीक है। यह दिन उन महान वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है।

### भारत की वैज्ञानिक यात्रा पोखरण से

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा पोखरण से लेकर मंगलयान मिशन तक प्रेरणादायक रही है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों और नवाचारों को जन्म दें। उन्होंने कहा यह दिन हमें हमारी वैज्ञानिक विरासत की याद दिलाता है और युवाओं को अनुसंधान और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करता है। उन्होंने बताया कि 2025 के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की थीम स्कूल से स्टार्टअप तक नवाचार के लिए युवाओं की चेतना को प्रज्वलित करना रखा गया है। इस अवसर पर लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के डिप्टी चीफ अधिवक्ता नरेन्द्र काटिवाल ने कहा कि आज के युवाओं को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचार कर्ता बनना होगा। संस्थान इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है। इस दौरान आईटीआई स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

## कराटे चैंपियनशिप में छाए श्रीबालाजी कराटे अकादमी के खिलाड़ी

# 11 गोल्ड, नौ सिल्वर और नौ रजत पदक जीते

- खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही भाजपा सरकार : सुदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। अतिथियों के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

खेल नगरी के नाम से विख्यात भिवानी के मुक्केबाजों व पहलवानों का डंका तो पूरे विश्व में बजता है, जिसके बाद अब कराटे खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा के दम पर देश व प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। इसी कड़ी में 9 व 10 मई को गुरूग्राम में करवाई गई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भारत नगर में श्रीबालाजी कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 11 रजत व 11 कांस्य पदक हासिल कर अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। पदक विजेता खिलाड़ियों का नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने अकादमी में भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुजर ने की तथा मंच संचालन पर्यावरण रक्षक बिजेश जावला व श्रीबालाजी कराटे अकादमी के कोच हरीश सैनी ने किया। खेलप्रेमियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को फूल-मालाएं पहनाकर व मैडल देकर सम्मानित किया। अकादमी के कोच हरीश सैनी ने बताया कि मन्नत, मनन, आशी, दिव्य, राकेश, युग, आकर्ष, पल्लवी, चिराग, मानसी व दिग्विजय ने गोल्ड मेडल, गौरक्ष, नैनसी, चेष्टा, मानवी, झलक, दक्ष, देवांश, पामेला व साक्षी ने सिल्वर तथा नचिकेत, हिमांशी, हर्षिता, सिमरन, भावेश, गुंजन, निकिता, रौनिक, आदित्य ने कांस्य पदक हासिल किया, जिनको सम्मानित किया गया। कटारिया ने कहा कि खिलाड़ी देश की शान होते है, जिनकी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर तिरंगा पूरे विश्व में शान से फहरता है। उन्होंने कहा कि खेल नगरी भिवानी के खिलाड़ियों ने समय-समय पर अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर देश का नाम रोशन किया है, जो अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

### ये मौजूद रहे

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, सुनीता सिंह, अमित सैनी, पूनम चांदना, पार्षद विनोद प्रजापति, सुरेखा, सीमा, मोनिका, प्रियंका, रोहित, एसोसिएट प्रोफेसर अश्विनी संभ्रवाल, ज्योतिष आचार्य सुरेश धानिया, ध्यान गुरू अनिलराज, विकास जांगड़ा, अनिल लांबा, धर्मबीर, रमेश जोगपाल आदि मौजूद रहे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926

Public Notice
ALMIGHTY Audio Assets
This is to inform the general public and concerned authorities that the address of our company:
ALMIGHTY AUDIO ASSETS PRIVATE LIMITED
House No.314, Sector 23, Sonipat, Haryana, India, 131001
has been changed to the new address with immediate effect.
The new address is as follows:
ALMIGHTY AUDIO ASSETS PRIVATE LIMITED
Bapora Chock, Tosham Bypass Road, Birla Colony, Bhiwani, Haryana-127021
All future correspondence should be directed to the new address.
For Almighty Audio Assets Private Limited
Sd/-
Ravinder Kumar Director
+91-9315084929
artistszoneofficial@gmail.com
Date: 12 May 2025